अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

# दृष्टि at a glance... IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

**13 OCT. 2023**

USEFUL FOR

## IAS | PCS

& other civil services exams



**Sunil Lawania**

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **वर्ल्ड साइट डे 12 अक्टूबर को मनाया**




- इस साल वर्ल्ड साइट डे की थीम है- "लव योर आईज एट वर्क।"
- वर्तमान में बड़े-बुजुर्ग से लेकर छोटे बच्चे तक सब मोबाइल, टीवी और लैपटॉप पर घंटों समय बिताते हैं।
- इससे उनकी आंखों को सीधा नुकसान पहुंचता है।
- इससे आंखों की रोशनी धीरे-धीरे कमजोर होने लगती है।

2. **स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने 'हेमोक्रोमैटोसिस' या 'ब्रोंज डायबिटीज' के बारे में जानकारी साझा की**



- हाल ही में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने 'हेमोक्रोमैटोसिस' या 'ब्रोंज डायबिटीज' के बारे में जानकारी साझा की
- ब्रॉज डायबिटीज' एक आयरन अधिभार रोग है,जो शरीर को बहुत अधिक आयरन कोअवशोषित और संग्रहीत करने का कारण होताहै
- इसके लक्षण आमतौर पर 30 से 60 वर्ष की उम्र के बीच शुरू होते हैं।

3. **पंकज बोहरा ने IACC के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभाला**



- पंकज बोहरा ने इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष की भूमिका संभाली है।
- IACC भारत में 14 कार्यालयों और अमेरिका में 27 भागीदार संगठनों के साथ, भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने में लगा हुआ है।
- भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका तेजी से विकास का अनुभव कर रहे हैं और संयुक्त राज्य अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बनकर उभर रहा है।

4. **भारत ने शुरू किया 'ऑपरेशन अजय'**




- भारत ने इजराइल से लौटने के इच्छुक अपने नागरिकों की वापसी की सुविधा के लिए ऑपरेशन अजय शुरू किया है।
- इजराइल और फिलिस्तीन में चल रहे घटनाक्रम के मद्देनजर स्थिति पर नजर रखने और जानकारी और सहायता प्रदान करने के लिए विदेश मंत्रालय में 24 घंटे का नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।
- **अन्य महत्वपूर्ण ऑपरेशन-**
- ऑपरेशन गंगा - यूक्रेन में फंसे भारतीयों नागरिकों को निकालने के लिए
- 2.ऑपरेशन नमस्ते - भारतीय सैनिकों द्वारा खुद को कोविड से बचाने के लिए
- ऑपरेशन संकल्प - भारतीय नौसेना द्वारा समुद्री सुरखा हेतु खाड़ी में चलाया
- ऑपरेशन वन्दे भारत - कोविड के दौरान विदेशों में फंसे 14800 भारतीयों को वापस लाने के लिए

5. **बानी वर्मा ने BHEL डायरेक्टर का पद संभाला**



- 10 अक्टूबर को भारत हेवी इलेक्ट्रीकल्स लिमिटेड (BHEL) ने बानी वर्मा को कंपनी का डायरेक्टर बनाया है।

- उन्होंने तजिंदर गुप्ता की जगह ली है।8 शेयरबानी वर्मा ने साल 1990 में कंपनी में इंजीनियर ट्रेनी की पोस्ट से काम शुरु किया था।
- इससे पहले बानी वर्मा ने BHEL के परिवहन व्यवसाय के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स डिविजन विनिर्माण इकाई का कार्यभार संभाला था।BHEL की स्थापना 13 नवंबर 1964 को हुई थी।

6. **बांग्लादेश के राष्ट्रपति ने पद्म ब्रिज रेल लिंक का उदघाटन किया**



- 
- बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने 82 किलोमीटर लंबे पद्म ब्रिज रेल लिंक का उद्घाटन कर देश के बुनियादी ढांचे के विकास में एक ऐतिहासिक क्षण को चिह्नित किया।
- चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) के तहत निष्पादित यह महत्वपूर्ण परियोजना बांग्लादेश की कनेक्टिविटी और आर्थिक परिदृश्य को बदलने के लिए तैयार है।
- **बांग्लादेश का भूगोल और जनसांख्यिकी**
- **स्थान:** दक्षिण एशिया में स्थित, बांग्लादेश दक्षिण में भारत, म्यांमार और बंगाल की खाड़ी के साथ सीमाएं साझा करता है।
- **राजधानी:** ढाका
- **आबादी:** लगभग 166 मिलियन लोग, इसे दुनिया के सबसे घनी आबादी वाले देशों में से एक बनाते हैं।
- **भाषा:** बंगाली (बांग्ला) आधिकारिक भाषा है।

7. **महाराष्ट्र सरकार ने 'लेक लड़की योजना को मंजूरी दी**



- 
- महाराष्ट्र सरकार ने आज 'लेक लड़की' यानि प्यारी बेटी योजना को मंजूरी दे दी है।
- इस वर्ष के राज्य बजट में इस योजना की घोषणा की गई थी।
- यह पीले या केसरिया रंग राशन कार्ड धारक परिवारों पर लागू होगा।
- राज्य सरकार ने कहा है कि यह योजना एक अप्रैल 2023 के बाद जन्म लेने वाली लड़कियों पर लागू होगी।

8. **भारत द्वारा पवन नामक ऑपरेशन की 36 वीं वर्षगाँठ मनाई गयी**




- 
- 11 अक्टूबर 2023 को श्रीलंका में किये गए भारतीय ऑपरेशन 'पवन' की 36 वीं वर्षगाँठ मनाई गयी।
- साल 1987 tilde H 11 अक्तूबर को श्रीलंका के जाफना में भारतीय शांति रक्षा सेना (IPKF) द्वारा 'पवन' नामक ऑपरेशन शुरू किया गया था।
- जो 1987 से 1990 तक चला था।इस ऑपरेशन का उद्देश्य जाफना प्रायद्वीप (श्रीलंका) को अलगाववादी लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (LTTE) से मुक्त कराना था।

9. **जितेंद्र सिंह ने 10वीं "भारत-स्वीडन इनोवेशन डे" बैठक को संबोधित किया**



- 
- केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने 10वीं "भारत-स्वीडन इनोवेशन डे" बैठक को संबोधित किया है।
- दोनों देश राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ और नवाचार साझेदारी पर स्वीडन-भारत संयुक्त घोषणा की पांचवीं वर्षगांठ मना रहे हैं।
- साझेदारी में स्मार्ट शहर, परिवहन और ई-मोबिलिटी, ऊर्जा, स्वच्छ प्रौद्योगिकियां, नई सामग्री, अंतरिक्ष, परिपत्र और जैव-आधारित अर्थव्यवस्था और स्वास्थ्य और जीवन विज्ञान सहित कई क्षेत्र शामिल हैं।

**10. यूके के मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड युवा महोत्सव में 'रोजगार प्रयाग पोर्टल' लॉन्च किया**



- उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के परेड ग्राउंड में आयोजित उत्तराखंड युवा महोत्सव-2023 कार्यक्रम में 'रोजगार प्रयाग पोर्टल' लॉन्च किया है।
- राज्य में रोजगार के अवसर एक ही पोर्टल पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकार द्वारा युवाओं के लिए यह पोर्टल विकसित किया गया है।
- उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने 'युवा उत्तराखंड ऐप' भी लॉन्च किया और देहरादून और उधम सिंह नगर के रोजगार कार्यालयों में स्वरोजगार केंद्रों का भी उद्घाटन किया।
- विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के लिए आईटीडीए द्वारा ऐप विकसित किया गया है।

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

1. **वर्ल्ड साइट डे प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है?**
   (a) 10 अक्टूबर
   (b) 11 अक्टूबर
   (c) 12 अक्टूबर
   (d) 13 अक्टूबर
2. **'ब्रोंज डायबिटीज' शब्द के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. इस बीमारी के लक्षण आमतौर पर 60 से 70 साल की उम्र के बीच शुरू होते हैं
   2. यह एक वंशानुगत स्थिति है, जहाँ शरीर में आयरन का स्तर धीरे-धीरे बढ़ता है
   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2
3. **IACC के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार किसने संभाला है?**
   (a) पंकज बोहरा
   (b) सूरज पाल
   (c) राजेश सिंह
   (d) कोई नही
4. **ऑपरेशन अजय का संबंध भारत और किस देश से है?**
   (a) रूस
   (b) युक्रेन
   (c) इजराइल
   (d) चीन
5. **BHEL की नई डायरेक्टर का पदभार किसने संभाला है?**
   (a) बानी वर्मा
   (b) सिखा कुलश्रेष्ठ
   (c) रचना सेनी
   (d) इनमें से कोई नहीं
6. **हाल ही में किस देश के राष्ट्रपति ने पद्म ब्रिज रेल लिंक का उदघाटन किया है ?**
   (a) श्री लंका
   (b) बांग्लादेश
   (c) नेपाल
   (d) इनमें से कोई नहीं
7. **हाल ही में किस राज्य राज्य सरकार ने 'लेक लड़की योजना को मंजूरी दी ?**
   (a) तमिलनाडु
   (b) पश्चिम बंगाल
   (c) महाराष्ट्र
   (d) इनमें से कोई नहीं
8. **भारत द्वारा पवन नामक ऑपरेशन किस देश में चलाया गया था जिसकी हाल ही में 36 वीं वर्षगाँठ मनाई गयी?**
   (a) श्रीलंका
   (b) बांग्लादेश
   (c) पाकिस्तान
   (d) ईरान
9. **हाल ही में "10वीं भारत–स्वीडन इनोवेशन डे" बैठक को किसने संबोधित किया है?**
   (a) अनुराग ठाकुर
   (b) अर्जुन मुंडा
   (c) जितेंद्र सिंह
   (d) सुरेश प्रभु
10. **हाल ही में किस राज्य सरकार ने 'रोजगार प्रयाग पोर्टल' लॉन्च किया है?**
    (a) उत्तर प्रदेश
    (b) गुजरात
    (c) राजस्थान
    (d) उत्तराखंड

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (c) | (b) | (a) | (c) | (a) | (b) | (c) | (a) | (c) | (d) |